आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट




बर्ष :13 अंक :360 पृष्ठ -4 दिनांक 03 जनवरी 2025 दिन शुक्रवार

# नए साल पर फेक करेंसी वाली गैंग का भंडाफोड़

## मदरसे की आड़ में छापे जा रहे थे 100-500 के नकली नोट

श्रावस्ती में नए साल पर पुलिस ने बड़े मामले का खुलासा किया है. श्रावस्ती में धड़ल्ले से नकली नोट छापने का मामला समाने आया है, जब बाजारों में नकली नोट का चलन तेज हो रहा था. दुकानों पर 100 और 500 के नकली नोट चलाए जा रहे थे और यह सारे नोट एक मदरसे में छापे जा रहे थे. जिसका सरगना मदरसे की आड़ में जहां नोट छापने की मशीन चला रहा था.यह पूरा मामला उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती जनपद भारत नेपाल सीमा से जुड़ा और थाना मल्हीपुर के लक्ष्मनपुर गांव का है. जहां पर एक मदरसे की आड़ में नोट छापने का गोरखधंधा चल रहा था. पुलिस ने नए साल के अवसर पर इस मामले का बड़ा खुलासा किया है. बताया जा रहा है की नकली नोट छापने का सरगना



मुबारक अली उर्फ नूरी बाबा मदरसे का प्रबंधक है और यूट्यूब देखकर नकली नोट छापने का काम करता था.इसके बाद बाजारों में नकली नोट का चलन तेज हो गया था हर रोज कहीं ना कहीं से नकली नोट बाजारों में दिखाई दे रहे थे. पुलिस और ৈळ की टीम ने मिलकर इस मामले को का खुलासा किया. पुलिस में नकली नोट छापने के सरगना नूरी बाबा उर्फ मुबारक अली के साथ पांच लोगों को गिरफ्तार किया है. इनके पास से प्रिंटर नकली नोट छापने वाली इंक, नकली नोट छापने के कागज और बड़ी संख्या में नकली नोट बरामद हुए हैं. वंही पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है.वहीं जब आरोपी से पूछा गया कि वह कितने दिन से नकली नोट छाप रहा था और अबतक कितने नोट उसने छापे हैं. इस बात पर आरोपी ने कहा कि वह पहली बार नोट छापा है और उसने करीब 10 हजार तक के नकली नोट छापे हैं.

## बांके बिहारी मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच फंसी महिला की अर्थी



नए साल पर पहले दिन ही ठाकुर श्री बांके बिहारी के दर्शन के लिए बुधवार को मंदिर में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा. इस दौरान मंदिर से लेकर मुख्य मार्ग तक श्रद्धालुओं की कतार दिखी. वहीं पूरे दिन में करीब छह लाख लोगों के दर्शन करने का अनुमान लगाया जा रहा है. हालांकि मंदिर के बाहर श्रद्धालुओं की संख्या ज्यादा बढ़ जाने से एक ऐसा भी मौका आया जब एक अर्थी बीच में फंस गई. दरअसल, मथुरा–वृंदावन स्थित बांके बिहारी मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच बुधवार को महिला की अर्थी फंस गई. वृन्दावन में आज नववर्ष के दिन श्रृद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी. इस दौरान एक महिला की अर्थी को मोक्षधाम ले जाते वक्त भारी भीड़ का सामना करना पड़ा था. दाऊजी मंदिर के समीप महिला की अर्थी भीड़ में फंस गई थी. अब इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. वीडियो में देखा जा सकता है मंदिर में दर्शन करने के लिए भक्त गुजर रहे हैं. पूरे सड़क पर भक्त नजर आ रहे हैं. इस रास्ते पर एक तरफ कुछ लोग अर्थी लेकर जाते हुए दिख रहे हैं. भक्तों की संख्या ज्यादा होने की वजह से अर्थी लिए लोग काफी धीरे–धीरे आगे बढ़ रहे हैं.एंट्री के लिए लगानी पड़ी लंबी लाइन गौरतलब है कि नए साल के चलते मथुरा में रविवार से दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ श्रीकृष्ण जन्मभूमि एवं द्वारकाधीश मंदिर पर भी उमड़ पड़ी है. भीड़ के कारण श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश के लिए लंबी लाइन लगानी पड़ गई है. जन्मभूमि पर श्रद्धालुओं को अपना सामान जमा करने के लिए और अंदर प्रवेश के लिए घंटों लाइन में लगना पड़ा. न्मभूमि पर तो श्रद्धालुओं को परेशानी नहीं हुई, लेकिन द्वारकाधीश मंदिर पर भीड़ का दबाव बना रहा. हालांकि इस दौरान पुलिस और प्रशासन के ओर से नए साल को देखते हुए पूरी तैयारी की गई थी. चप्पे–चप्पे पर यहां पुलिस की तैनाती की गई थी. नए साल पर करीब छह लाख भक्तों के दर्शन करने का अनुमान लगाया गया है.

## यूपी में भीषण ठंड के बीच फिर होगी बारिश,नोएडा-गाजियाबाद समेत इन जिलों में शीत दिवस का अलर्ट

उत्तर प्रदेश समेत पूरे उत्तर भारत में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है. पहाड़ों पर हुई बर्फबारी की वजह से मैदानी इलाकों में तापमान में खासी गिरावट देखने को मिली है. शीतलहर से लोगों की कंपकंपी छूट रही है. ठंड में सूरज देवता भी को. हरे और बादलों में लिपटे है. वहीं अब मौसम विभाग ने यूपी में एक बार फिर बारिश का अलर्ट जारी किया है. 6 जनवरी को पश्चिमी यूपी के कुछ हिस्सों में बारिश की संभावना जताई गई है, जिससे ठंड और बढ़ेगी. मौसम विभाग के मुताबिक यूपी में आज गुरुवार 2 जनवरी को मौसम शुष्क रहेगा लेकिन बर्फीली हवाओं की वजह से बढ़ गई है. कई जिलों में आज शीत दिवस रहने का अलर्ट जारी किया गया है. इस दौरान सुबह और शाम के समय मध्यम से छिछला कोहरा रहने की संभावना जताई गई है. रविवार तक ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान जताया गया है. इन जिलों में शीत दिवस का अलर्टयूपी में आज नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, बुलंदशहर, हापुड़, बागपत, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, बिजनौर, मुरादाबाद, संभल, रामपुर, बदायूं, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, लखीमपुरखीरी, सीतापुर, बहराइच और श्रावस्ती में शीत दिवस का यलो अलर्ट जारी किया गया है. बर्फीली हवाओं की वजह से ठिठुरन बढ़ रही है. लोग घरों में ही दुबके हैं. बहुत जरूरी होने पर ही घर से निकल रहे हैं. भीषण सर्दी के बीच पूर्वी अफगानिस्तान पर एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है. जिसकी वजह से हिमालयी क्षेत्रों में बारिश का और बर्फबारी की संभावना है. 6 जनवरी को इसका असर यूपी में भी दिख सकता है इस दौरान सहारनपुर, रामपुर, बिजनौर



और आसपास के इलाकों में बारिश की संभावना है, जिसकी वजह से तापमान में गिरावट आएगी. मेरठ में सबसे ठंडा दिन रहापिछले 24 घंटों में सबसे ठंडा दिन मेरठ में रहा. यहां न्यूनतम तापमान 6.0 डिग्री तक चला गया. वहीं फतेहरगढ़ में 6.4, झांसी में न्यूनतम तापमान 6.7, अलीगढ़ में 6.8, अयोध्या में 7.5, इटावा में 8.8, बुलंदशहर में 9.0, मुजफ्फरनगर में 9.5, आगरा में 9.7 और राजधानी लखनऊ में न्यूनतम तापमान 9.1 डिग्री सेल्सियस तक रहा.

## कानपुर में चायवाले ने पेश की मिसाल, 5 हजार बेसहारा बच्चों को पढ़ाया, उठाते है पूरा खर्च

उत्तर प्रदेश के कानपुर में एक छोटी सी चाय की दुकान लगाने वाले शख्स ने शानदार नजीर पेश की है. जहां चाय बेचकर थोड़े बहुत पैसे कमाने वाले महबूब मलिक बेसहारा बच्चों का सहारा बन गए और उनकी पढ़ाई की जिम्मेदारी उठाई. महबूब ने 13 साल पहले बच्चों के पढ़ाने का सपना देखा और तब से अब तक 5 हजार बच्चों को निःशुल्क पढ़ाई करा चुके हैं. महबूब इन बच्चों की कॉपी–किताब से लेकर स्कूल की ड्रेस व अन्य तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराते हैं. अपने इस काम के लिए सम्मान भी मिल चुका हैं. कानपुर के काकादेव के रहने वाले महबूब मालिक शहर के उन तमाम बच्चों के लिए किसी मसीहा से कम नहीं हैं जो बेसहारा है, कुछ पैसों के लिए लोगों के सामने हाथ फैलाते थे या फिर कूड़ा उठाने और छोटा–मोटा काम करके अपना और अपने परिवार को पालन पोषण करने में लगे रहते है. महबूब ऐसे बच्चों के जीवन में शिक्षा का प्रकाश लाने का मन बनाया और 13 साल पहले ऐसे बच्चों को पढ़ाने का संकल्प लिया. बेसहारा बच्चों के जीवन में भरा शिक्षा का उजाला महबूब ने जब शुरू में इसकी शुरुआत की तो बच्चों को शिक्षा तक लाने के लिए उन्हें काफी मशक्कत करनी पड़ी. जिसके बाद धीरे–धीरे बच्चे उनके साथ जुड़ते चले गए और इन सालों में उन्होंने शहर से 5 हजार बच्चों को अपनी मुहीम का हिस्सा बना लिया. उन्होंने स्वयं सेवी संस्था मां तुझे सलाम बनाई, जिसमें कक्षा 1 से 5 तक बच्चों को शिक्षा दी जाती है. आज महबूब से पढ़ने वाले बच्चे शहर के नामी–गिरामी स्कूलों में आगे की पढ़ाई कर रहे हैं.चाय की दुकान से महबूब की जो भी कमाई होती है उसका 80 प्रतिशत हिस्सा वो बच्चों की पढ़ाई में देते हैं. उनके इस काम के लिए उन्हें तत्कालीन राज्यपाल राम नाइक के हाथों सम्मान भी मिल चुका है. महबूब का कहना है कि जब एक चाय बनाने वाले



देश के प्रधानमंत्री बनकर देश की सेवा कर सकते हैं तो हम क्योंकि नहीं. महबूब के साथ शहर के कई हाथ जुड़ गए हैं. उनका सपना है कि वो एक ऐसा स्कूल बनाए जिसमें और ज्यादा बच्चे पढ़ाई कर सके.

## बजरंगबली के खौफ से लोगों ने शराब से बनाई दूरी! नए साल पर वाराणसी में घटी की बिक्री

उत्तरप्रदेश देशभर में लोगों ने धूमधाम से नए साल का जश्न मनाया. इस दौरान अलग–अलग जगह पर लोग पार्टी करते और नाचते गाते नजर आए. वाराणसी के भी अलग–अलग होटल और क्लब में 31 दिसंबर की रात लोगों ने उत्साह और उमंग के साथ नए साल 2025 का स्वागत किया. हालांकि इस दौरान बीते वर्षों के आंकड़े बताते हैं कि 31 दिसंबर की रात और 1 जनवरी के बीच करोड़ की शराब बिक्री हो जाती है. लेकिन इस बार वाराणसी के आबकारी विभाग की तरफ से चौंकाने वाले तथ्य बताए गए हैं.31 दिसंबर और 1 जनवरी के दिन वाराणसी में शराब बिक्री को लेकर जब एबीपी लाइव ने जनपद के आबकारी विभाग से आंकड़ों के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि अभी कोई स्पष्ट आंकड़ा बता पना मुमकिन नहीं है. लेकिन इस बार 31 दिसंबर के दिन मंगलवार था. इसलिए इसमें कहने में संशय नहीं की सामान्य दिनों की तुलना में भी इस दिन शराब की बिक्री कम हुई



है. बहुत से लोग नवरात्र के दिन देवी मां की पूजा करते हैं और मंगलवार के दिन हनुमान जी की पूजा करने की वजह से 31 दिसंबर के दिन शराब पीने से लोगों ने परहेज किया.आबकारी विभाग ने क्या दिया तर्क विभाग के ओर से जानकारी देते हुए कहा गया कि आम दिनों में भी लोग मंगलवार के दिन शराब का सेवन और मीट मांस खाने से बचते हैं. इसकी प्रमुख वजह है कि लोगों के बीच इस बात की आस्था रहती है कि मंगलवार का दिन पवनपुत्र बजरंग. बली का दिन होता है जो पूरी तरह ब्रह्मचर्य और सात्विक जीवन के लिए जाने जाते है. इस दिन अगर शराब और मीट मांस का सेवन कोई व्यक्ति करता है तो वह पाप का भागीदार होता है.पुरानी यादों को पीछे छोड़ते हुए लोग 31 दि. संबर के दिन जश्न के साथ नए साल का स्वागत करते हैं. ऐसे में इस दिन लोग अपनों के बीच शराब का भी सेवन करते देखे जाते हैं. बीते साल तो वाराणसी और आसपास के जनपद में नए साल के अवसर पर लोग करोड़ों रुपए का शराब गटक जाते थे. लेकिन इस बार आबकारी विभाग की तरफ से कहा गया है कि बिक्री में कमी देखी गई, जिसकी प्रमुख वजह 31 दिसंबर को मंगलवार दिन पड़ना बताया जा रहा है.

## उत्तर प्रदेश को बनाएंगे टीबी मुक्त राज्य, निक्षय मित्र का सपना पूरा करने की योजना, सीएम योगी ने दिया संदेश

लखनऊ उत्तर प्रदेश को टीबी मुक्त राज्य के रूप में विकसित करने की तैयारी है। इसको लेकर हर विशेष योजना तैयार की गई है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने टीबी उन्मूलन को लेकर आयोजित कार्यक्रम के दौरान पूर्व अधिकारियों और शिक्षाविदों को इस अभियान में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि निक्षय मित्र के रूप में रिटायर्ड आईएएस, आईपीएस और पूर्व कुलपति टीबी मुक्त प्रदेश बनाने की दिशा में सहयोग दें। इसके लिए उन्होंने यह शपथ भी दिलाई। निक्षय मित्रों ने भी टीबी के प्रति जागरूकता अभियान को अपनी समाज के प्रति जिम्मेदारी करार दिया।सीएम योगी ने कही बड़ी बात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के श्टीबी मुक्त भारतश के संकल्प को साकार करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को बैठक में टीबी को जड़ से खत्म करने के लिए सेवानिवृत्त आईएएस–आईपीएस, पूर्व कुलपतियोंध्शिक्षाविदों व अन्य वरिष्ठ नागरिकों को श्निक्षय मित्रश की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। यह वरिष्ठ नागरिक श्निक्षय मित्रश के रूप में श्टीबी उन्मूलनश के प्रयासों में जनजागरूकता बढ़ाने के लिए सहयोग करेंगे। मुख्यमंत्री की ओर से जिम्मेदारी सौंपे जाने पर वरिष्ठ नागरिकों ने आभार व्यक्त किया। साथ ही टीबी के खात्मे के लिए अपने योगदान के बारे में भी बताया।टीबी मुक्त प्रदेश का प्रयासडॉ. आरएमएल मेडिकल साइंसेज के पूर्व निदेशक एवं केजीएमयू के पूर्व डीन डॉ. एके त्रिपाठी ने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ की ओर से टीबी के खात्मे के लिए मुझे निक्षय मित्र की जिम्मेदारी सौंपी गयी। मैं इस पुनीत कार्य के लिए मुख्यमंत्री का दिल से आभार प्रकट करता है। सीएम के टीबी मुक्त उत्तर प्रदेश के विजन को मिशन की तरह धरातल पर उतारने के लिए जागरुकता के साथ अन्य कार्य भी करूंगा। मेरा भी प्रयास होगा कि उत्तर प्रदेश जल्द ही टीबी मुक्त हो।

# यूपी पुलिस ने बियान्ड द बैज नाम से शुरू किया अपना पाडकास्ट



उत्तर प्रदेश पुलिस ने अपने से जुड़े हुए अनछुए पहलुओं से लोगों को रूबरू कराने  के लिए एक नई पहल की है. उत्तर प्रदेश के पुलिस के मुखिया डीजीपी प्रशांत कुमार के निर्देश पर उत्तर प्रदेश पुलिस ने षबियॉन्ड द बैजष नामक एक पॉडकास्ट श्रृंखला की शुरुआत की है. जिसमें  पुलिस अधिकारी अपने सेवाकाल, अपने निजी जीवन के अनुभवों, संस्मरणों और कार्यकाल के दौरान अलग–अलग चुनौतियां का जो उन्होंने सामना किया है और जो तकनीक का उन्होंने इस्तेमाल किया है उनको साझा करेंगे. वहीं साथ साथ वो अपनी उपलब्धियों को भी साझा करेंगे. इस श्रृंखला की शुरुआत सेवानिवृत्ति डीजी सीबीसीआईडी एस एन साबत के साक्षात्कार से की गई है.इस पॉडकास्ट की शुरुआत को लेकर डीजीपी ने कहा कि भविष्य के जो एपिसोड होंगे उसमें रिटायर्ड पुलिसकर्मियों के साथ–साथ अपनी सेवा दे रहे पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों जिन्होंने कुछ असाधारण उपलब्धि हासिल कर उत्तर प्रदेश पुलिस का मान बढ़ाया हो उनके जीवन के अनछुए, व्यक्तिगत पहलुओं के साथ उनके सेवा काल के अनुभव और संस्मरण को पॉडकास्ट के माध्यम से प्रसारित किया जाएगा.पुलिस विभाग के मुखिया के मंशा है कि इस तरीके के पॉडकास्ट के माध्यम से पुलिस के जो युवा अधिकारी हैं वह आमजन की कैसे बेहतर सेवा कर सकते हैं उनके लिए प्रेरित करेगा. वही कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जो सीनियर्सअलग–अलग युक्तियां अपनाई है उनको भी नए लोगों को समझने का अवसर मिलेगा.पॉडकास्ट के माध्यम से नए और युवा अधिकारी अपने विभाग के उन लोगों को जान सुन और समझ सकेंगे जिन्होंने विषम परिस्थितियों में कानून व्यवस्था को कायम रखते हुए कैसे लोगों की सेवा और सुरक्षा की है. वहीं साथ ही पेशेवर जीवन के साथ व्यक्तिगत जीवन में कैसे संतुलन स्थापित किया है यह भी पॉडकास्ट के माध्यम से युवा अधिकारी जान सकेंगे.

## यूपी में गाड़ी मालिकों की बढ़ेगी टेंशन! सभी जिलों में Fastag से जुड़ेगी ये नई व्यवस्था, रद्द हो जाएगा लाइसेंस

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित अपने आवास पर उत्तर प्रदेश राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक की अध्यक्षता की . इस दौरान सीएम ने सड़क सुरक्षा माह सभी 75 जनपदों में संचालन के निर्देश दिए. इस दौरान सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन गाड़ियों का बार बार चालान हुआ हो, उन पर एक्शन लिया जाए. सीएम ने यह भी कहा कि इस व्यवस्था को थ्ंजंह से भी जोड़ा जाए. इसके अलावा सीएम ने ओवरलोडिंग को लेकर भी सख्त निर्देश दिए.मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी वाहन का बार–बार चालान होने पर लाइसेंसध्परमिट निरस्तीकरण आदि की कार्रवाई की जानी चाहिए. इस कार्रवाई को अनिवार्य रूप से थ्ंजंह से जोड़ा जाए.  सीएम के इस आदेश के बाद उन लोगों के लिए मुसीबत बढ़ सकती है जिनकी गाड़ियों का चालान बार बार होता है.समीक्षा बैठक में सीएम ने यह भी कहा कि सूचना, परिवहन व सड़क सुरक्षा से जुड़े विभागों द्वारा लोगों से ट्रैफिक नियमों के पालन की अपील करने वाली होर्डिंग लगाई जाएं. इसे सभी 75 जनपदों, 350 तहसीलों, 1500 थानों व सभी नगर निकायों के बाहर भी लगाया जाए.मुख्यमंत्री ने कहा कि राहगीरोंध्आमजन को जागरूक किया जाए कि दुर्घटना को देखकर भागें नहीं, बल्कि घायलों को गोल्डेन ऑवर के अंदर समीप के हॉस्पिटल या ट्रॉमा सेंटर में पहुंचाएं. एम्बुलेंस का रिस्पॉन्स टाइम न्यूनतम करें. ओवरलोडिंग का जिक्र करते हुए सीएम ने कहा कि ओवरलोडिंग कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी, इसे स्टार्टिंग प्वॉइंट पर ही रोका जाए. मुख्यमंत्री ने कहा कि हेलमेट, सीट बेल्ट तथा सड़क सुरक्षा के अन्य मानकों को अपनाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाकर लोगों को प्रेरित किया जाए. सीएन ने अधिकारियों से यह भी कहा कि सड़क सुरक्षा माह सिर्फ लखनऊ तक सीमित न रहे, बल्कि इसे प्रदेश के सभी 75 जनपदों में सुचारु रूप से सम्पन्न कराया जाए.सीएम ने कहा कि जनपदीय सड़क सुरक्षा समितियां जिलाधिकारी की अध्यक्षता में  5 जनवरी 2025 तक हर हाल में बैठक सम्पन्न कर लें.6 से 10 जनवरी 2025 तक सभी स्कूलों–कॉलेजों में सड़क सुरक्षा नियमों से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं. महाकुम्भ में बेहतर यातायात व्यवस्था के लिए च्त्क व होमगार्डों की संख्या बढ़ाई जाए.

## शराब पीने से किया मना तो BJP -विधायक पर चला दी गोली, पत्नी के साथ कर रहे थे नाइट वॉक

उत्तर प्रदेश में बीजेपी विधायक के पर फायरिंग हुई है और इस हादसे में बीजेपी विधायक बाल–बाल बच गए हैं. बीजेपी के कस्ता विधानसभा क्षेत्र के विधायक सौरभ सिंह सोनू नए साल के पहले दिन की रात पत्नी के साथ खाना खा कर घर के पास टहल रहे थे. इसी दौरान दो लोगों ने उन पर फायरिंग की है.बता दें कि बीजेपी विधायक जब घर के पास टहल रहे थे तो वहीं किनारे पर दो लोग शराब पी रहे थे. बीजेपी विधायक के टोकने पर गाली गलौज करते हुए उन्होंने दो फायर कर दिया. यह पूरा मामला सदर कोतवाली इलाके के शिव कालोनी मोहल्ले का है. गोली की आवाज सुनकर जब तक गनर आता तब तक दोनों युवक फरार हो गए. वहीं जानकारी पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की. वहीं बीजेपी विधायक के ऊपर हमले के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार करके पूछताछ की जा रही है औप एडिशनल एसपी मौके पर मौजूद हैं.कांग्रेस ने उठाए योगी सरकार पर सवालवहीं इस पूरे मामले पर यूपी कांग्रेस के प्रवक्ता सुरेंद्र राजपूत ने बड़ा बयान दिया है. कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि जब उत्तर प्रदेश में भाजपा का विधायक उसकी पत्नी ही सुरक्षित नहीं है तो आम जनता का क्या. बीजेपी विधायक के ऊपर अपने घर से मात्र 50 मीटर की दूरी पर फायरिंग हो रही है तो यूपी का आमजन, यूपी की महिलाएं बच्चियों कैसे सुरक्षित महसूस करेंगी. योगी आदित्यनाथ की सरकार के ऊपर यह एक बड़ा धब्बा है और यह स्पष्ट कह रहा है कि पुलिस कहीं ना कहीं नाकाम है, नकारा है और निकम्मी है.

## कासगंज - थाना पटियाली पुलिस द्वारा सट्टे की खाई बाड़ी करते एक अभियुक्त गिरफ्तार, 1390 रूपये नकद व सट्टा पर्चा बरामद

कासगंज संवावदाता अमित कुमार

पुलिस अधीक्षक कासगंज सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक कासगंज श्री राजेश भारती के पर्यवेक्षण में जनपद में अवैध जुआध्सट्टे के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी पटियाली श्री राजकुमार पाण्डेय के नेतृत्व में थाना पटियाली पुलिस द्वारा     देर शाम अभियुक्त तौ.हीद पुत्र मुन्ना निवासी मो0 काजी कस्बा व थाना पटियाली जिला कासगंज को कासिम होटल के पास से सट्टे की खाई बाड़ी करते हुए गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है । जिसके कब्जे से 1390ध्– रुपये नगद एवं सट्टा पर्चा बरामद हुए हैं । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना पटियाली पर मुअसं– 02ध्25 धारा 13 जुआ अधि0 (सट्टा) के तहत अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी है ।गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणतौहीद पुत्र मुन्ना निवासी मो0 काजी कस्बा व थाना पटियाली जिला कासगंज बरामदगीः– 1390ध्– रूपये नगद सट्टा पर्चागिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम राधेश्याम, प्रभारी निरीक्षक थाना पटियाली जनपद कासगंज मय टीम

## कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड "ए"के पद पर नियुक्त



कासगंज संवावदाता अमित कुमार कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड "ए"के पद पर नियुक्त 1.सचिन कुमार  अंकित भगत 3.हृदेश कुमार का विभागीय परीक्षा के आधार पर सफल होने पर कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड "बी" के पद पर पदोन्नति होने पर पुलिस अधीक्षक कासगंज सुश्री अंकित शर्मा व क्षेत्राधिकारी नगर सुश्री आंचल चौहान द्वारा  स्टार लगाकर शुभकामनाएं दी गयी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की गयी ।

## एटा में चार जुआरी गिरफ्ताररू11250 रूपए नगद और तास की गड्डी हुई बरामद, मुखबिर से मिली थी सूचना



एटा पुलिस ने फड़ लगाकर हार जीत का दांव लगाते चार जुआरियों को पकड़ लिया है। गिरफ्तार जुआरियों के पास से पुलिस ने ग्यारह हजार दो सौ पचास रुपए नगद और 52 तास के पत्तों की गड्डी बरामद की है।बागवाला थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नगला दुरिया दामोदर के आम के बाग के पास दबिश मारकर जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार जुआरिओं के विरुद्ध पुलिस ने 13 जुआं अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।एटा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह के ने समस्त थाना प्रभारियों को साफ निर्देश दिए हैं, कि किसी थाना क्षेत्र में जुआं और सट्टा न होने पाए ऐसे में बाग.वाला थाना पुलिस ने छापामार मुखबिरों का जाल बिछाया जहां पता चला कि जुआरी फड़ लगाकर जुआं खेल रहे थे।जैसे ही पुलिस पहुंची जुआरी भाग खड़े हुए पुलिस ने घेराबंदी करते हुए रामबाबू, दुरिया, रामवीर, अनिल, बंटू बागवाला को गिरफ्तार कर 13 जुआं अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए थाना स्तर पर एफआईआर पंजीकृत कर ली है। गिरफ्तार जुआरियों के पास से 11250 रुपए नकद और तास पत्तों की गड्डी बरामद कर ली है।जुआरियों को गिरफ्तार करने बालों में उप निरीक्षक बलराम सिंह. उप निरीक्षक ओमवीर सिंह. हेड कांस्टेबल अनिल कुमार, कांस्टेबल ऊधम सिंह, कांस्टेबल रोहन कुमार शामिल रहे हैं।

## रेस्टोरेंट में पुलिस का छापा, आपत्तिजनक स्थिति में पांच लड़की-चार लड़के गिरफ्तार



कासगंज। शहर के खुशी होटल में बुधवार दोपहर क्षेत्राधिकारी सदर ने छापा मारकर पांच युवतियों और होटल के मैनेजर समेत पांच युवकों को हिरासत में लिया। आरोप था कि युवक और युवतियों कमरे में रंगरेलियां मना रहीं थीं।पुलिस को कमरे से आपत्तिजनक सामान भी मिला है। पुलिस का कहना है कि युवतियां बालिग थीं। मर्जी से आईं थीं। उनको छोड़ दिया गया है। युवकों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। देह व्यापार की मिली थी सूचना कोतवाली पुलिस को सूचना मिली थी कि नदरई गेट स्थित खुशी होटल में देह व्यापार हो रहा है। यहांयुवतियां और युवक होटल में रुके हुए हैं। इस पर बुधवार दोपहर क्षेत्राधिकारी सदर आंचल चौहान, कोतवाली प्रभारी लोकेश भाटी मय फोर्स के मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने जाते ही कमरों की तलाशी लेना शुरू कर दिया। पुलिस ने 5 लड़कियों और 4 लड़कों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि ये लोग कहां से आए थे और रेस्टोरेंट में किस प्रकार की गतिविधियां चल रही थीं। पुलिस अब इन सभी से गहन पूछताछ करेगी ताकि इस रेस्टोरेंट में हो रही अवैध गतिविधियों का पर्दाफाश किया जा सके और इसके पीछे के नेटवर्क का भी पता चल सके। पुलिस की कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया है और लोगों में सुरक्षा की चिंता बढ़ गई है। अब पुलिस प्रशासन इस छापेमारी को एक बड़ी सफलता मानते हुए इस अवैध कारोबार के नेटवर्क को पकड़ने के लिए और सख्त कदम उठाने की योजना बना रहा है। पुलिस ने 5 लड़कियों और 4 लड़कों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि ये लोग कहां से आए थे और रेस्टोरेंट में किस प्रकार की गति.विधियां चल रही थीं। पुलिस अब इन सभी से गहन पूछताछ करेगी ताकि इस रेस्टोरेंट में हो रही अवैध गतिविधियों का पर्दाफाश किया जा सके और इसके पीछे के नेटवर्क का भी पता चल सके। पुलिस की कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया है और लोगों में सुरक्षा की चिंता बढ़ गई है। अब पुलिस प्रशासन इस छापेमारी को एक बड़ी सफलता मानते हुए इस अवैध कारोबार के नेटवर्क को पकड़ने के लिए और सख्त कदम उठाने की योजना बना रहा है।

## कासगंज पुलिस ने खुशी रेस्टोरेंट में मारा छापा: आपत्तिजनक वस्तुओं समेत 5 लड़की व 4 लड़कों को लिया हिरासत में

कासगंज से संवावदाता अमित कुमार



कासगंज में खुशी रेस्टोरेंट पर पुलिस टीम ने छापामार कार्रवाई की। छापेमारी की कार्रवाई के दौरान रेस्टोरेंट से कई आपत्तिजनक वस्तुएं बरामद हुई है। इसके साथ–साथ ही रेस्टोरेंट के ऊपर कमरों से 5 लड़की और 4 लड़कों को हिरासत में लिया गया है। जिन्हें पुलिस ने थाने भेज कर पूछताछ कर रही है। आपको बता दें कासगंज शहर के बाकनेर पर खुशी रेस्टोरेंट है। जहां स्थानीय लोगों के मुताबिक खुशी रेस्टोरेंट में कई अवैध कार्य लंबे समय से चल रहे थे। जिसकी सूचना पुलिस प्रशासन को नहीं थी। सूचना लगते ही पुलिस प्रशासन ने छापामार कार्रवाई कर दी। मौके से रेस्टोरेंट के कमरों से कई आपत्तिजनक वस्तु और 5 लड़की और चार लड़कों को हिरासत में लिया है। जिन्हें थाने भेजा गया है। अब इन सभी लोगों से पुलिस पूछताछ करेगी।

## एटा मिशन शक्ति फेस 5 के अंतर्गत चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत .थाना जसरथपुर पुलिस द्वारा गोष्ठी आयोजित कर आम जन को जागरूक




एटा। मिशन शक्ति फेस ५ के अंतर्गत चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत बाना जसरथपुर पुलिस ने जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह के निर्दे शन और अपर पुलिस अधीक्षक (अपराध) योगेंद्र सिंह के पर्यवेक्षण में आयोजित इस कार्य क्रम में समाज में नशे के बढ़ते प्रचलन और इसके दुष्प्रभावों पर चर्चा की गई। पुलिस अधि कारियों ने नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामा जिक नुकसान के बारे में जान कारी दी। उन्होंने कहा कि नशा न केवल युवाओं का भविष्य खराब कर रहा है. बल्कि पूरे परिवार और समाज को भी प्रभावित कर रहा है। इसे रोक ने के लिए सभी को जागरूक होना आवश्यक है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति केंद्र हेल्पलाइन १४४१६और चाइल्ड हेल्पलाइन २०६८ के बारे में जानकारी दी गई।साथ ही नशे से बचाव और समाज को इससे मुक्त करने के उपायों पर भी चर्चा की गई। पुलिस ने स्थानीय निवासियों से अपील की कि वे नशा करने वालों को सही मार्गदर्शन दें और आवश्यकता पड़ने पर संबंधित हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## कासगंज चंदन गुप्ता मामले में 28 आरोपी दोषी, 2 बरी, कोर्ट कल सुनाएगी सजा



उत्तर प्रदेश स्थित कासगंज में साल 2018 की 26 जनवरी को मारे गए चंदन गुप्ता के मामले में कोर्ट ने 28 आरोपियों को दोषी पाया है. वहीं 2 लोगों को कोर्ट ने बरी कर दिया है. राजधानी लखनऊ में राष्ट्रीय जांच एजेंसी की विशेष अदालत ने फैसला सुनाया है. हालांकि कोर्ट इन सभी 28 आरोपियों की सजा का ऐलान शुक्रवार को करेगी.बता दें साल 2018 में यूपी के कासगंज में तिरंगा यात्रा के दौरान चंदन गुप्ता की हत्या कर दी गई थी. आरोपियों ने हाईकोर्ट में एनआईए कोर्ट की वैधानिकता और  सुनवाई पर रोक की अर्जी लगाई थी. इसके बाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अर्जी खारिज  कर दी थी. हाई कोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद  गुरुवार को लखनऊ की एनआईए की स्पेशल कोर्ट ने फैसला सुनाया है.

# अलीगढ़ के सिकंदराराऊ में कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती की शादी बिना उसकी मर्जी के शादी तय की

## नाराज युवती अपनी बहन के साथ पहले तय हुए रिश्ते वाले लड़के के घर जवां पहुंच गई



अलीगढ़ के सिकंदराराऊ में कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती की शादी बिना उसकी मर्जी के दूसरी जगह तय किए जाने से नाराज युवती अपनी बहन के साथ पहले तय हुए रिश्ते वाले लड़के के घर जवां पहुंच गईं। इसको लेकर खलबली मच गई दूसरी जगह तय किए जाने से नाराज युवती अपनी बहन के साथ पहले तय हुए रिश्ते वाले लड़के के घर जवां पहुंच गई। इसको लेकर खलबली मच गई और आनन–फानन में मामले से स्थानीय पुलिस को अवगत कराया गया। सिकंदराराऊ क्षेत्र के एक गाये निवासी युवती की शादी जंवा अलीगढ़ निवासी युवक के साथ उसके परिजनों ने तय कर दी थी। शादी दो मई को होनी थी। लेकिन इसी दौरान युवती के पिता द्वारा किसी दूसरी जगह पर लड़की की शादी की बात कर ली थी। इसको लेकर लड़की जंवा निवासी युवक से ही शादी करने की जिद पर अड़ गई थी। वह दूसरे स्थान पर शादी तय करने का विरोध कर रही थी। मगर परिजन दूसरी जगह ही शादी करने पर जोर देने लगे। मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## गौशाला में शीत लहर से राहत बचाव कार्यो का नगर आयुक्त ने लिया जायजा–पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी को नगर आयुक्त ने पढ़ाया गौवंश की देखरेख का पाठ



नगर आयुक्त की नसीहत–गौशाला में शीत लहर के बचाव व राहत कार्यो को पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी समझे अपनी पहली प्राथमिकताबढ़ती हुयी शीत लहर में गौवंश को बचाव व राहत कार्यो का नगर आयुक्त ने औचक निरीक्षण करते हुये पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ राजेश वर्मा को इस शीत लहर में मुस्तैदी के साथ गौवंश की देखरेख और निगरानी करने के निर्देश दिये।गुरूवार को नगर आयुक्त विनोद कुमार ने अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार के साथ बरौला बाईपास स्थित नंदी गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय गौशाला में नगर आयुक्त ने मौजूद केयर टेकर से राहत व बचाव कार्यो के बारे में जानकारी ली। नगर आयुक्त ने गौशाला में गौवंश के लिये पर्याप्त हरें चारे, गुड की मात्रा का भी सत्यापन करते हुये गौवंश को शीत लहर से बचाव के लिये काउ कोट पहनाने के साथ साथ गौशाला में जगह जगह अलाव जलाने के लिये भी निर्देश दिये।नगर आयुक्त ने कहा आने वाले दिनों में शीत लहर का प्रक्रोप बढ़ने के साथ ही बारिश की भी संभावना से इंनकार नहीं किया जा सकता ऐसे में नगर निगम द्वारा अपनी दोनों गौशाला में राहत व बचाव की समुचित व्यवस्था की गयी है साथ ही अधीनस्थों को दिन व रात्रि में दो बार सघनता से गौशाला का निरीक्षण करने के लिये लगाया गया है। उन्होनें बताया कि गौशाला में गौवंश को शीत लहर से बचाव व राहत के लिये समुचित व्यवस्थाएं पायी गयी साथ ही पशु चिकित्सा व कल्याण अधिकारी को तत्काल गौशाला में अतिरिक्त तिरपाल, काउ कोट व काउ मैट की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये है।

## .सीडीओ की अध्यक्षता में 100 दिवसीय .सघन टीबी अभियान के अन्तर्गत अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक संपन्न

अलीगढ़ : मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान के अन्तर्गत अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक आहुत की गयी। सीडीओ ने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान मा0 प्रधानमंत्री एवं मा0 राज्यपाल के उच्च प्राथमिकता में शामिल है। मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा जून 2025 तक प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने का ल्क्ष्य निर्धारित किया है, जिसे संबंधित विभागों के आपसी समन्वय से ही सफल बनाया जा सकता है, ऐसे में सभी विभाग अपने दायित्वों को पूरी जिम्मेदारी से निभाएं किसी भी स्तर पर संवादहीनता की स्थिति नहीं होनी चाहिए।सीडीओ ने अन्तर्विभागीय समन्वय से टीबी के प्रति जनजागरूकता लाने के लिए व्यापक प्रचार–प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान में जनस. हभागिता के साथ ही स्वयंसेवी संगठनों का भी सहयोग लिया जाए। क्षय रोगियों की प्रतिरोधक क्षमता बढाने के लिए अधिक से अधिक निक्षय मित्र बनाते हुए पोषण पोटली का वितरण कराए जाने के साथ ही 100 दिवसीय अभियान में वल्न. रेबल पापुलेशन की शत–प्रतिशत स्क्री. निग कराते हुए स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जाँच कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मा0 जनप्रतिनिधियों और संभ्रांत नागरिकों को टीबी रोगियों को गोद लेने के लिए प्रेरित करने के निर्देश देते हुए कहा कि



स्वास्थ्य टीमों का प्रशिक्षण अच्छे से करा दिया जाए। उन्होंने डीपीआरओ को निर्देशित किया कि सभी ग्राम प्रधानों को टीबी रोगियों को गोद लेने के लिए प्रेरित करें।सीएमओ डा0 नीरज त्यागी ने बताया कि जिले में 22 टीबी यूनिट, 37 बलगम जांच केन्द्र, 14 एक्सरे सुविधा केन्द्र, 13 ट्रूनॉट लैब एवं 04 सी0बी0नॉट लैब के साथ ही जेएन मेडिकल कॉलेज में जिला ड्रग रजिस्टेन्ट टी0बी0 केन्द्र संचालित हैं। उन्होंने बताया कि क्षय रोगियों की पहचान के लिये आशा एवं एएनएम घर–घर जाकर लोगों को चिन्हित कर रही हैं। स्वास्थ्य इकाइयों पर आधुनिक ट्रूनॉट मशीन स्थापित एवं संचालित है। जहाँ पर क्षय रोगियों के बलगम की जाँच निःशुल्क करायी जा रही है। उन्होंने बताया कि 15 दिन से अधिक बुखार के साथ खाँसी आ रही हो तो ऐसे व्यक्ति की जाँच बेहद जरूरी है। अस्पताल आने वाले रोगियों में लक्षणयुक्त व्यक्तियों की बलगम की जॉच अवश्य कराई जाए। उन्होंने जनसामान्य से अपील करते हुए कहा कि 15 दिन से अधिक बुखार के साथ खाँसी होने पर निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर अपनी टीबी की जांच अवश्य कराएं यह पूर्णतः निःशुल्क है।इन विभागों को दी गई है जिम्मेदारीरूशिक्षा विभाग–बेसिक, माध्यमिक, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, पंचायतीराज, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, महिला कल्याण विभाग, ग्राम्य विकास, श्रम विभाग, गृह विभाग को स्क. ूलों, ग्रामों, आंगनबाड़ी केंद्रों समेत समेत अन्य सार्वजनिक स्थानों पर टीबी रोगियों के चिन्हींकरण एवं टीबी के प्रति जागरूकता लाकर अभियान को सफल बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।बैठक में सीएमओ डा0 नीरज त्यागी, डीआ. ईओएस डा0 सर्वदानंद समेत सीएमएस एवं चिकित्सक एवं अन्य विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## अध्यक्ष जिला पंचायत ने वर–वधू को देश की एकता और अखण्डता के लिए दिलाया आठवां वचन




अलीगढ़ महान स्वतंत्रता सेनानी और अलीगढ़ स्टेशन बमकांड के नायक श्री देवदत्त कलंकी के पौत्र की शादी चर्चा का विषय ही नहीं बनी वरन् वर–वधू ने भारत माता का पूजन कर देश की एकता और अखण्डता के लिए आठवां वचन भी लिया।मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती विजय सिंह ने वर–वधु को आठवें वचन की शपथ दिलाते हुए उनके सुखी दांपत्य जीवन की कामना की। इस अवसर पर पेशे से चिकित्सक दोनों नव दपंतियों शाम का निःशुल्क ओपीडी चलाने का भी संकल्प लिया।जानकारी के अनुसार असहयोग आन्दोलन के दौरान 24 सितम्बर 1942 को अंग्रेजों की मिलिट्री ट्रेन को उड़ाने के लिए अलीगढ़ स्टेशन पर बम लगाया गया था, जिससे अंग्रेजी सरकार बुरी तरह से हिल गई थी। इस बम कांड के नायक देवदत्त कलंकी के पौत्र डॉ0 भव्य कुमार और पौत्र वधु डा0 अंकुर चौहान ने अपनी शादी में भारत माता का पूजन किया और देश की एकता व अखण्डता के लिए आठवां वचन भी लिया।कार्यक्रम में मा0 विधायक नगर श्रीमती मुक्ता संजीव राजा, मा0 विधायक कोल श्री अनिल पाराशर, आजादी का अमृत महोत्सव के जिला समन्वयक सुरेन्द्र शर्मा, स्वतंत्रता सेनानी परिवार से सुरेश चन्द शर्मा, कामेश गौतम, बसंत बंसल, विनय शर्मा, संतोष शर्मा कलंकी और विभिन्न राजनैतिक दलों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## महाकुंभ में दिखेगा अलीगढ़ जेल के कैदियों का हुनर



अलीगढ़ उत्तर प्रदेश का अलीगढ़ जिला अपने कुशल कारीगरों के लिए तो जाना ही जाता है. अब यहां की जेल में बंद कैदियों के हाथ की भी कला देखने को मिलेगी. जेल में बंद कैदियों के हुनर का प्रदर्शन महाकुंभ मेले में देखने को मिलेगा. जेल में बंद कैदियों के बनाए तरह–तरह के लकड़ी के उपकरण महाकुंभ में बिकते हुए दिखेंगे.प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ मेले में लोगों को अलीगढ़ जेल के कैदियों द्वारा तैयार किए गए लकड़ी के शिवलिंग, ओम और कई अन्य आकर्षक चीजें देखने को मिलेंगी. इसके साथ ही लोग मेले में अलीगढ़ के प्रसिद्ध ताले भी खरीद पाएंगे. यह पहल कैदियों को न केवल आत्मनिर्भर बनाने में मदद करेगी, बल्कि उनके कौशल को भी एक नया मंच प्रदान करेगी. आपको बता दें कि अलीगढ़ अपनी ताला बनाने की कला और शिक्षा के लिए प्रसिद्ध है. इसी क्रम में इस बार जिला कारागार के कैदियों द्वारा बनाए गए लकड़ी के आकर्षक आइटम और ताले महाकुंभ में प्रस्तुत किए जाएंगे. जानकारी देते हुए अलीगढ़ जेल के जेल अधीक्षक वीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि कारागार में हर दिन लगभग 1,200 ताले तैयार किए जा रहे हैं.इन तालों को महाकुंभ में सस्ते दामों पर श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराया जाएगा. कैदियों के इस काम को सराहते हुए जेल अधीक्षक ने बताया कि यह केवल ताले बनाने तक सीमित नहीं है. यह पहल कैदियों को आत्मनिर्भर बनने और समाज में दोबारा अपनी जगह बनाने का अवसर प्रदान करती है जेल अधीक्षक ने जानकारी दी कि इस बार महाकुंभ में जेल विभाग का एक स्टॉल स्थापित किया जाएगा. इस स्टॉल पर सिर्फ ताले ही नहीं बल्कि कैदियों द्वारा बनाए गए लकड़ी के विभिन्न सामान भी प्रदर्शित किए जाएंगे. महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालु इन सामानों को खरीद सकेंगे. इससे कैदियों की कला को पहचान मिलेगी और लोगों को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद भी उपलब्ध होंगे.



# महिला एव बाल कल्याण संगठन की रेखा राणा के राष्ट्रीय अध्यक्ष

## बनने पबनने पर पदाधिकारियों ने फूलमालाओ से लादकर व दुपट्टा प्रशस्ति पत्र देकर किया जोशीला स्वागत

संवावदाता मनोज शर्मा हाथरस ।महिला एव बाल कल्याण संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा राणा के बनने के बाद कस्बा सादाबाद जवाहर बाजार तहसील मोड़ पर स्थित जिला कार्यालय पर महिला एव बाल कल्याण संगठन की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रेखा राणा का संगठन के पदाधिकारियों व कस्बा के समाजसेवियों ने फूलमालाओ से लादकर व दुपट्टा उड़ाकर जोशीला स्वागत किया। इस अवसर पर महिला एव बाल कल्याण संगठन की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रेखा राणा ने कहा की संगठन के संरक्षक मंडल ने विचार विमर्श कर संगठन की बागडोर उनके हाथ में दी है पूरी ईमानदारी निष्ठा के साथ निभाया



जायेगा। महिला एव बाल कल्याण संगठन का राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा राणा ने बताया की संगठन गरीब निर्धन परिवार की महिलाओं की सेवा व उनको न्याय दिलाकर समाज सेवा की है ।महिलाओ को उचित न्याय दिलाया जायेगा। साथ ही गरीब निर्धन परिवार की महिलाओं के लिए मेरा दरवाजा चौबीस घंटे खुले है। संगठन महिलाओ की लड़ाई के हर समय साथ खड़ा है बैठक में कुछ कार्यकर्ताओं को भी नियुक्त किया गया है। महिला एव बाल कल्याण की रेखा राणा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद जनपद सादाबाद के तहसील मोड़ पर स्थित जिला कार्यालय पर जनपद के पदाधिकारियों ने फूलमालाओ से लादकर व दुपट्टा प्रशस्ति पत्र भेंट कर जोशीला स्वागत किया। स्वागत करने वालो में संगठन के पदाधिकारियों में मुख्य रूप दिनेश बघेल, राखी देवी, उषा देवी, राधा देवी, पूनम देवी, श्याम, आरुषि, देव, विनीत, खुशी, करण, वरुण, देवाशी आदि लोग मौजूद थे।

## वीडियो वायरल करने की धमकी देकर किया दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज, पुलिस जांच में जुटी

संवावदाता मनोज शर्मा हाथरस। युवक ने अपने पड़ोस की महिला का अश्लील वीडियो बना लिया। महिला का आरोप है कि आरोपी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल करने लगा।आरोप है कि युवक ने शर्त रखी कि वह उसके साथ संबंध बनाएगी तो वह वीडियो को डिलीट कर देगा। आरोप है कि युवक ने महिला के साथ खेत में जबरन संबंध बनाए। कोतवाली हाथरस गेट क्षेत्र के एक गांव में एक महिला ने पड़ोस के युवक पर वीडियो वायरल करने की धमकी देकर खेत में बुलाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। इस मामले में एसपी के आदेश पर कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। कोतवाली हाथरस गेट क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने अपने पड़ोस की महिला का अश्लील वीडियो बना लिया। महिला का आरोप है कि आरोपी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे ब्लै. कमेल करने लगा। महिला ने उससे वीडियो डिलीट करने के लिए काफी मिन्नत की। आरोप है कि पिछले सप्ताह युवक ने महिला को खेत में मिलने के




लिए बुलाया। आरोप है कि युवक ने शर्त रखी कि वह उसके साथ संबंध बनाएगी तो वह वीडियो को डिलीट कर देगा। आरोप है कि युवक ने महिला के साथ खेत में जबरन संबंध बनाए। युवक के चंगुल से छूटकर महिला घर पहुंची और रोते–बिलखते आपबीती परिजनों को बताई। परिजन पीड़िता को लेकर थाने पहुंचे। वहां पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। पीड़िता अपनी शिकायत लेकर एसपी कार्यालय पहुंची। एसपी ने थाना पुलिस को इस मामले में मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए। इसके बाद महिला की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पीड़िता को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

## घने कोहरे में रोडवेज बस और मैक्स पिकअप भिड़े, एक की मौत, दो घायल

कोहरे से सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला शुरू हो गया है। घने कोहरे में एक रोडवेज बस और मैक्स पिकअप में भिड़ंत हो गई। रोडवेज बस में पीछे से एक क्रेटा गाड़ी भी घुस गई। हादसे में मैक्स पिकअप के चालक की मौके पर ही मौत हो गई। साथ ही दो लोग घायल हो गए। घने कोहरे में आगरा–अलीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर रोडवेज बस और मैक्स पिकअप में भिड़ंत हो गई। हादसे में एक की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए। घायलों को आगरा में भर्ती कराया गया है।घने कोहरे के बीच सादाबाद में गांव बरोस के पास एक रोडवेज बस और मैक्स पिकअप में आमने–सामने से जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद रोडवेज बस में पीछे से एक क्रेटा गाड़ी भी घुस गई। हादसे में मैक्स पिकअप के चालक सुमित उर्फ मनीष निवासी गांव भदूरी कुरसंडा सादाबाद की मौके पर ही मौत हो गई। साथ ही दो लोग घायल हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घायलों को उपचार के लिए खंदौली और आगरा के अस्पतालों में भेजा गया। हादसे में क्षतिग्रस्त रोडवेज बस और मैक्स पिकअप को सड़क से हटाया।

## पुलिस ने हाथरस में एक गंभीर मामले में कार्रवाई करते हुए जानलेवा हमले और फायरिंग



हाथरस पुलिस ने हाथरस में एक गंभीर मामले में कार्रवाई करते हुए जानलेवा हमले और फायरिंग करने के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। यह मामला बुधवार की देर शाम का है, जब दिनेश कुशवाहा नामक व्यक्ति पर हमलावरों ने हमला किया और गोली चला दी, जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई थी।जानकारी के अनुसार, दिनेश कुशवाहा वर्मा कॉलोनी ढकपुरा रोड से बाजार की तरफ जा रहा था तभी खोखा में बैठे लाला पुत्र दुलीचंद्र के साथ कहासुनी हो गई। इसी विवाद के बाद सत्यवीर उर्फ सत्ता नामक व्यक्ति ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर दिनेश पर गोली चला दी। गोली दिनेश के कूल्हे में लगी, जिसके बाद वह गंभीर रूप से घायल हो गया।अन्य आरोपियों की तलाश कर रही पुलिस घायल दिनेश को जिला अस्पताल लाया गया, जहां से उसे अलीगढ़ रेफर कर दिया गया। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस ने एफआईआर दर्ज की और हमलावरों की तलाश शुरू की। पुलिस ने इस मामले में सत्यवीर उर्फ सत्ता को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, सत्यवीर उर्फ सत्ता एक शातिर अपराधी है, जिसके खिलाफ पहले भी डकैती और हत्या का प्रयास जैसे गंभीर आरोप दर्ज हैं। वह पहले भी जेल जा चुका है। पुलिस अब अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयासरत है।फायरिंग की आवाज सुनकर मौके पर अफरा–तफरी मच गई। आरोपी मौके से भाग गया। स्थानीय लोग मौके पर एकत्र हो गए। घायल को जिला अस्पताल ले जाया गया। यहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में उसे रेफर कर दिया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने पुलिस को आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। जिसके तहत पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए हत्या के प्रयास से सम्बंधित अभियुक्त सत्यवीर उर्फ सत्ता पुत्र गोविंदराम निवासी ढकपुरा थाना हा. थरस गेट को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त सत्यवीर उर्फ सत्ता एक शातिर किस्म का अपराधी है, जो पहले भी जेल जा चुका है। उसके खिलाफ लूट, आर्म्स एक्ट, हत्या के प्रयास जैसी संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज है।

## हाथरस में ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत ईट भट्टे पर मुनीमगिरी का काम करता था, मथुरा से वापस लौट कर आ रहा था



हाथरस में पूर्वोत्तर रेलवे के ट्रैक पर एक युवक की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। वह मथुरा में एक भट्टे पर मुनीमगिरी का काम करता था और वापस लौट कर आ रहा था। पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के भिजवा दिया। परिवार की लोगों ने भी आकर उसके शव की पहचान की।हाथरस गेट कोतवाली क्षेत्र के गांव रुहेरी में 38 वर्षीय अनिल कुमार शुक्ला रहता था और वह मथुरा में एक ईंट भट्ठा पर काम करता था। जब वह ट्रेन में बैठकर मथुरा से वापस आ रहा था तो हाथरस शहर में तालाब चौराहे के निकट ट्रेन से पैर फिसलने पर वह नीचे गिर गया और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।घटनास्थल पर भीड़ लग गई और पुलिस भी वहां पहुंच गई। इसके बाद पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। उसकी पहचान होने पर पुलिस ने परिवार के लोगों को सूचित कर दिया।परिवार के लोगों में मचा कोहराम. सूचना मिलने पर अनिल के परिवार के लोग भी आ गए। उन्होंने उसके शव की पहचान कर ली। इन लोगों में कोहराम मच गया। अनिल ने अपने पीछे अन्य परिजनों के अलावा पत्नी और एक बच्चे को बिलखते छोड़ा है।

## हाथरस में मुरसान कोतवाली क्षेत्र के .गांव खजूरिया में कोहराम मचा रहा और पूरे गांव में मातम छाया रहा



हाथरस में मुरसान कोतवाली क्षेत्र के गांव खजूरिया में को. हराम मचा रहा और पूरे गांव में मातम छाया रहा। यहां मां बेटे की चिता एक साथ जली। परिजनों को सांत्वना देने वालों का तांता लगा रहा। हाथरस गेट कोतवाली क्षेत्र में बुधवार को हतीसा पल के ऊपर एक ट्रक दो बाइकों के ऊपर पलट गया था। इस दुर्घटना में एक रेलवेकर्मी सहित तीन लोगों की मौत हो गई थी। 65 वर्षीय रेशमी देवी पत्नी नाथूराम, उसका बेटा 40 वर्षीय विजय्रंपाल निवासी खजुरिया थाना मुरसान के अलावा रेलवेकर्मी 25 वर्षीय रामवीर सिंह निवासी बेरनी जिला एटा शामिल थे। तीनों के शवों का कल ही पोस्टमार्टम कर दिया गया था। आज विजयपाल और उसकी मां रेशमी देवी के शवों का गांव में अंतिम संस्कार हुआ।एक साथ मां बेटी की चिता जली तो पूरे गांव में कोहराम मच गया। पूरे गांव में चूल्हे नहीं जले और गांव में मातम छाया रहा। विजयपाल अपनी मां रेशमी देवी को कल मुरसान गांव से तहसील हाथरस में एक काम से लेकर आ रहा था, तब यह हादसा हुआ था। इधर इस सड़क हादसे में रेलवेकर्मी रामवीर सिंह के शव का भी अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## कीटनाशक से 33 बीघा गेहूं की फसल नष्ट



हाथरस जंक्शन क्षेत्र के गांव मौहारी में दो किसानों की गेहूं की फसल कीटनाशक के प्रयोग से खराब हो गई। फसल पर पीलापन आ गया है। किसान ने यह कीटनाशक जंक्शन क्षेत्र में एक उर्वरक विक्रेता के यहां से खरीदा था। किसान ने इसकी शिकायतआईजीआरएस पोर्टल पर की है।गांव मौहारी निवासी अनुज कुमार ने बताया कि उन्होंने अपने गेहूं के 14 बीघा खेत के लिए खरपतवार नाशक रसायन हाथरस जंक्शन के एक किसान सेवा केंद्र से 20 दिसंबर को खरीदा था। दुकानदार ने 240 ग्राम प्रति एकड़ के हिसाब से इसे लगाने की बात कही थी। उन्होंने 160 ग्राम प्रति एकड़ के हिसाब से 24 दिसंबर को रसायन का छिड़काव किया।28 दि. संबर को जब वह अपने खेत पर गए तो देखा कि गेहूं की फसल का रंग पीला पड़ गया है और पत्ते जल चुके हैं। फसल खत्म होने के कगार पर है, जबकि खरपतवार पर इसका कोई असर नहीं है। यही रसायन उनके पड़ोसी सतीश कुमार ने अपने 19 बीघा खेत में लगाई थी, वह भी खत्म होने के कगार पर है। किसान अनुज कुमार ने खेत का निरीक्षण कराते हुए दोषी पर कार्रवाई करने की मांग की है। मामले की शिकायत प्राप्त हुई है। जल्द ही खेत का निरीक्षण करते हुए संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**आवश्यकता है**

हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।

सम्पर्क करें -

अमित कुमार वर्मा -संपादक

मौ:-8218049162,8273402499

**जननायक सम्राट**

**हिन्दी साप्ताहिक**

मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित

सम्पादक-अमित कुमार वर्मा

सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा